उत्तराखण्ड खनन विभाग को दो परियोजनाओं में गोल्ड अवॉर्ड

देहरादून, (पंजाब केसरी): मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व तथा खनन निदेशक राजपाल लेघा के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड खनन विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विभाग की दो अभिनव परियोजनाओं माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम (एमडीटीएसएस) और ई-रवन्ना सिक्योरिटी पेपर को प्रतिष्ठित स्कॉच समूह द्वारा गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में यह पुरस्कार समीर कोचर द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान उत्तराखण्ड में खनन व्यवस्था को तकनीकी रूप से सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए दिया गया है। इस उपलब्धि को राज्य के लिए बड़ी प्रशासनिक सफलता माना जा रहा है। एमडीटीएसएस परियोजना के

अंतर्गत राज्य के चार मैदानी जिलों में 45 अत्याधुनिक ई-चेक गेट स्थापित किए गए हैं, जिनमें वेरिफोकल कैमरा, एएनपीआर कैमरा, आरएफआईडी टैग तथा एलईडी फ्लड लाइट जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। इसके साथ ही खनिज प्रबंधन प्रणाली, ई-रावन्ना, खनन ई-सेवाएं, निगरानी प्रवर्तन प्रणाली, मोबाइल एप, डीएसएस, वीटीएस और वेब्रिज इंटीग्रेशन जैसी व्यवस्थाओं को भी प्रभावी रूप से लागू किया गया है।